उत्तर प्रदेश शासन

पर्यटन अनुभाग

संख्या-34/2016/544/41-2016-100 यो0/15

लखनऊ दिनांक 19 मार्च, 2016

राज्य सेक्टर के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में जनपद लखीमपुर खीरी के बिजुआ में पूर्व स्वीकृत पर्यटन सुविधा केन्द्र परिसर में 04 नग नए अतिरिक्त थरू हट के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, इकाई-12, लखनऊ द्वारा गठित आगणन धनराशि रू0 91.97 लाख (रूपये इक्यानवे लाख सत्तानवे हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं रू0 45.98 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-95/2015/1325/41-15-100 यो0/2015, दिनांक 05.06.2015 द्वारा प्रदान की गयी है।

2- जनपद लखीमपुर खीरी के बिजुआ में पूर्व स्वीकृत पर्यटन सुविधा केन्द्र परिसर में 04 नग नए अतिरिक्त थरू हट के निर्माण के सम्बन्ध में प्रदान की गयी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में महानिदेशक, पर्यटन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अपने पत्र दिनांक 16.03.2015 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उनकी अध्यक्षता में आहूत बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि बिजुआ में मात्र 02 नग नए हट की आवश्यकता है, जिसके क्रम में कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि 02 अतिरिक्त नए हटों का निर्माण हेतु अवशेष धनराशि की पर्याप्त है। इस हेतु अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता नही होगी तथा वर्तमान 02 नए हटों का निर्माण कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। अत: प्रश्नगत योजना हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-95/2015/1325/41-15-100 यो0/2015, दिनांक 05.06.2015 निरस्त कर दिया जाय।

3- महानिदेशक, पर्यटन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा किये गये प्रस्ताव के दृष्टिगत जनपद लखीमपुर खीरी के बिजुआ में पूर्व स्वीकृत पर्यटन सुविधा केन्द्र परिसर में 04 नग नए अतिरिक्त थरू हट के निर्माण सम्बन्धी निर्गत शासनादेश संख्या-95/2015/1325/41-15-100 यो0/2015, दिनांक 05.06.2015 एवं उक्त् शासनादेश द्वारा प्रदान की गयी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

शिव कुमार पाठक
उप सचिव।

संख्या-34/2016/544(1)/41-2016 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0 लखनऊ।
2- निजी सचिव, मा0 पर्यटन मंत्री, उ0प्र0 लखनऊ।
3- मण्डलायुक्त लखनऊ/जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।
4- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7।
7- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लखनऊ।
8- क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, लखनऊ।
9- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
10- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(विनय कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in